उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,

भवन नं. 4, द्वितीय तल,

केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,

रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,

जयपुर– 302006

वेबसाईट rrcjaipur.in

महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना आरआरसी 01/2019 के दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी 01/2019, के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित किये गये कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु बुलाए गए गैर दिव्यांग (सीसीएए के अभ्यार्थियों को छोडकर) अभ्यार्थियों की पीईटी का आयोजन दिनांक 16.01.2023 से 21.01.2023 तक किया गया था। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल हुए अभ्यार्थियों का कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर एवं दिव्यांग व सीसीएए कोटे के अभ्यार्थियों का कम्प्यूटर बेस्ट परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र पाए गए अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन दिनांक 12.02.2023 से 01.03.2023, 13.09.23 से 29.09.23, 03.10.23 से 11.10.2023, 29.01.2024 से 31.01.2024, 03.07.24 से 08.07.24, 10.12.24 से 11.12.24, 04.06.2025 से 05.06.25, 12.04.2026 से 16.04.2026, 21.04.2026 से 22.04.2026 एवं 15.06.2026 से 16.06.2026 तक किया गया था। दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जांच परीक्षा में सफल पाए गए अभ्यार्थियों को मेरिट आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र में दी गई पद की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए एवं चिकित्सा श्रेणी अनुसार उपलब्ध रिक्तियॉ के विरूद्व पैनल पर रखने के उपरान्त अधिसूचित (दिव्यांग LD- OL/DW/LC/AAV) एवं रिप्लेसमेन्ट पैनल की गैर दिव्यांग एवं दिव्यांग (LD-OL/DW/LC/AAV) की रिक्तियों को भरने के लिए अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन दिनांक 29.06.2026 को किया जा रहा है। अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जॉच हेतु अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से सूचिबद्व किये गये अभ्यार्थियों के रोल नम्बर(बढ़ते हुए क्रम में) की सूची जारी किये जा रहे है।

दस्तावेज सत्यापन–सह– अभ्यर्थिता जांच दिनांक **29.06.2026** को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में आयोजित किया जाना सुनिश्चित है, जिसके ई बुलावा पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक शीघ्र ही रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाएगा। दिनांक 29.06.2026 को तक पर्यापत वैध कारण से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यार्थियों को दिनांक 30.06.2026 समय 12.00 बजे तक दस्तावेज सत्यापन के लिए अन्तिम अवसर प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकारिक वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। जो उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन–सह अभ्यर्थिता जांच में उपयुक्त पाए जाएंगे उन्हें निर्धारित चिकित्सा जांच/परीक्षण हेतु उसी दिन अथवा अगले दिन अजमेर/बीकानेर/जयपुर/जोधपुर भेजा जाएगा। अतः उम्मीदवार रूकने की व्यवस्था/तैयारी स्वंय क स्तर पर करके आएँ।

उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने मूल दस्तावेज एवं दो–दो स्व–सत्यापति प्रति सहित (शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, जन्मतिथि, समुदाय सम्बन्धित प्रमाण पत्र, पुराना एवं नवीनतम ओबीसी प्रमाण पत्र ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अन्य अपेक्षित दस्तावेज, कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट–शारीरिक दक्षता परीक्षा के बुलावा पत्र, आधार कार्ड, 06 फोटोग्राफ एवं ई बुलावा पत्र के महत्वपूर्ण निर्देश में दिये गये दस्तावेज आदि) बुलावा पत्र में दर्शाई गई तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होवें।

अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच हेतु प्रोविजनल तौर पर बुलाया गया है। अभ्यार्थी को अधिसूचना में दी गई पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करने पर, पद के अनुरूप निर्धारित चिकित्सा श्रेणी एवं मेरिट आधार पर रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार प्रोविजनली पैनल पर रखा जाएगा। दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जाचं में अभ्यर्थी को बुलाना उसे किसी भी तरह से रेलवे में नियुक्ति के लिए हक प्रदान नहीं करता है।

Details of cut-off marks

OBC (DOB 01-01-2001)	67.057
EWS	55.34777
LD-OL/LC/DW/AAV	43.46133

उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

-S/D-

अध्यक्ष

दिनांकः–25.06.2026 रेलवे भर्ती कक्ष

सावधान : उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वो ऐसे असंवैधानिक तत्वों के चक्कर में ना पड़ें जो लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने का झूठा वादा करते है। भर्ती पूर्णतः योग्यता के आधार पर की जाती है तथा केवल योग्य एवं वास्तविक उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल किया जाता है।

Non PH

Roll No.	Roll No.	Roll No.	Roll No.
124194120748254	124194170747224	124195120156579	124195210091855
124194120763902	124194170771427	124195170098468	Total-07

PH-LD(OL/LC/DW/AAV)

Roll No.	Roll No.	Roll No.	Roll No.
124191130000273	124194120001611	124194120005194	
124192260000421	124194120002156	124194130000894	
124194120001128	124194120002390	124194260006028	Total-09